संकलनात्मक परीक्षा-I (कक्षा-सातवीं) 9/2014

विषय : हिन्दी

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 80

(खण्ड - 'क')

प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

महाराज भगीरथ कठोर तपस्या के बाद गंगा को स्वर्ग से पृथ्वी पर लाए। इसी कारण गंगा का नाम भगीरथी पड़ा। गंगा नदी पर भारतवासियों की असीम श्रद्धा है। वह उनके सुख-दुख की साथी रही है। गंगा का भारत की सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक परंपराओं तथा राजनैतिक परिवर्तनों से भी अटूट संबंध रहा है। गंगा युगों से चली आ रही भारतीय सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक है। देश के अधिकांश पवित्र स्थान इसी नदी के किनारे स्थित हैं। देश के कई औद्योगिक केंद्र – कानपुर, कोलकाता आदि इसी के तट पर बसे हैं। प्रयाग, काशी, हरिद्वार, ऋषिकेश आदि तीर्थ स्थल गंगा के पावन तट पर ही हैं। गंगा ने ही उत्तर भारत के मैदानों को इतना उपजाऊ बनाया है। हिमालय से निकलकर बंगाल की खाड़ी तक की यात्रा में हजारों वर्षों से बहती हुई पवित्र गंगा भारत के करोड़ों लोगों का उपकार करने में मग्न है। हिंदू गंगा के जल को पवित्र मानते हैं। धार्मिक कार्यों में इसका उपयोग होता है। गंगा जल ही है, जिसमें वर्षों तक रखे रहने के बाद भी कीटाणु पैदा नहीं होते हैं। आज भी गंगा में स्नान करके हिंदू लोग अपने को धन्य समझते हैं।

(क) गंगा को पृथ्वी पर कौन लाया था और उसका क्या नाम पड़ा? (1)

(ख) गंगा तट पर कौन-से तीर्थ स्थल स्थित हैं? (1)

(ग) गंगा किसका प्रतीक है? (1)

(घ) गंगा ने किस क्षेत्र को उपजाऊ बनाया है? (1)

(ङ) गंगाजल की क्या विशेषता है? (1)

प्र2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

जल अमूल्य उपहार प्रकृति का,
जीव-जगत का आधार
जल से हरित प्रकृति की शोभा,
जल ही जीवों का जीवन ॥
कहीं बना हिम-मुकुट शिखर का,
कहीं बरसता बन बादल।
बहता कहीं नदी-निर्झर में,
धारा गरम कहीं शीतल ॥

कहीं पथिक की प्यास बुझाता,
करता कहीं मछली पालन।
कहीं चले जलयान इसी में,
होता कहीं नौका-चालन,
विविध रूप अपने दिखलाता,
ऐसा अद्भुत यह नटवर।
कहीं सरोवर, झील मनोहर,
सरिता कहीं महासागर॥

(क) जल किसकी शोभा बढ़ाता है? (1)

(ख) जल अपने किस रूप में पर्वतों का मुकुट बना दिखाई देता है? (1)

(ग) 'जल को प्रकृति का अमूल्य उपहार' क्यों कहा गया है? (2)

(घ) काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। (1)

## (खण्ड - 'ख')

प्र3. (क) निम्नलिखित शब्दों के लिंग परिवर्तन कीजिए : (1)

(i) नौकर (ii) महोदय

(ख) निम्नलिखित वाक्य को बहुवचन में बदलिए : (1)

बकरी घास चर रही है।

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए : (2)

(i) जो बहुत जानता हो -

(ii) जिसके आर-पार देखा जा सके -

प्र4. (क) निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए : (1)

(i) शांत (ii) बुरा

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में कारक रेखांकित कर भेद का नाम बताइए : (2)

(i) मैं पाँच मिनट में आता हूँ।

(ii) मयंक छिपकली से डरता है।

(ग) निम्नलिखित शब्द 'युग्म' का वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए : (2)

महिला – पत्नी

प्र5. (क) निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम रेखांकित कर भेद बताइए : (2)

(i) बाहर कौन लड़ रहा है?

(ii) खुद पर भरोसा करना सीखो।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर विराम-चिह्नों का प्रयोग कीजिए: (2)

(i) वाह कमाल कर दिया

(ii) कृष्ण की बाल लीला कैसी लगी

(ग) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : (2)

(i) गृह (ii) सूर्य

(खण्ड - 'ग')

प्र6. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

होती सीमाहीन क्षितिज से
इन पंखों की होड़ा-होड़ी,
या तो क्षितिज मिलन बन जाता
या तनती साँसों की डोरी।

नीड़ न दो, चाहे टहनी का
आश्रय छिन्न-भिन्न कर डालो,
लेकिन पंख दिए हैं तो
आकुल उड़ान में विघ्न न डालो।

(क) भाव स्पष्ट कीजिए – 'या तो क्षितिज मिलन बन जाता, या तनती साँसों की डोरी।' (2)

(ख) पक्षी मनुष्य से क्या प्रार्थना करते हैं? (2)

(ग) पक्षियों की प्रतिस्पर्धा किससे है? (1)

प्र7. (क) 'शाम – एक किसान' कविता की भाषागत विशेषताएँ बताइए। (2)

(ख) 'एक तिनका' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए। (2)

प्र8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

यह सुनकर डॉक्टर दीदी मुस्कुरा उठीं, बोलीं, "नहीं, ऐसा नहीं होता। शरीर में हर समय नए कण बनते रहते हैं, जो नष्ट कणों का स्थान ले लेते हैं। हड्डियों के बीच के भाग मज्जा में ऐसे बहुत से कारखाने होते हैं जो रक्त कणों के निर्माण कार्य में लगे रहते हैं। इनके लिए इन कारखानों को प्रोटीन, लौहतत्व और विटामिन रूपी कच्चे माल की ज़रूरत होती है। यह पौष्टिक आहार लेते हो? हरी सब्ज़ी, फल, दूध, अंडा और गोश्त में ये तत्व उपयुक्त मात्रा में होते हैं। यदि कोई व्यक्ति उचित आहार ग्रहण नहीं करता तो इन कारखानों को आवश्यकतानुसार कच्चा माल नहीं मिल पाता। नतीजा यह होता है कि रक्त कण बन नहीं पाते, रक्त में इनकी कमी हो जाती है। लाल कणों की इसी कमी को एनीमिया कहते हैं।"

(क) शरीर में लाल रक्त कणों का निर्माण कहाँ और किस प्रकार होता है? (2)

(ख) लाल रक्त कणों की कमी से कौन-सा रोग होता है? (1)

प्र9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दीजिए : (3x2=6)

(क) किसकी बात सुनकर मिठाईवाला भावुक हो गया था? उसने इन व्यवसायों को अपनाने का क्या कारण बताया?

(ख) किन बातों से ज्ञात होता है कि माधवदास का जीवन संपन्नता से भरा था और किन बातों से ज्ञात होता है कि वह सुखी नहीं था?

प्र10. (क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ बताइए : (2)

स्वप्न, भीतर, स्मृति, जिज्ञासा

(ख) निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए : (2)

व्यर्थ, मूल्य

प्र11. 'माँ मेरी बाट देखती होगी' – 'चिड़िया की बच्ची' कहानी में नन्हीं चिड़िया बार-बार इसी बात को कहती है। आप अपने अनुभव के आधार पर बताइए कि हमारी ज़िंदगी में माँ का क्या महत्त्व है? (3)

अथवा

'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता में स्पष्ट किया गया है कि पक्षी पिंजरे में बंद नहीं रहना चाहते। कवि का मानना है कि पक्षियों को पिंजरे में बंद करने से केवल उनकी आज़ादी ही नहीं छिनती अपितु पर्यावरण भी प्रभावित होता है। आप कवि की इस बात से कहाँ तक सहमत हैं और क्यों?

प्र12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : (2x3=6)

(क) फुदकी रानी अम्मा के घर का निरीक्षण क्यों कर रही थी?

(ख) अपनी किन आदतों के कारण कजरी अम्मा के लिए मुसीबत बनी?

(ग) अम्मा ने मुर्गियों के नाम गंगा, जमुना और सरस्वती क्यों रखे?

प्र13. बीमार होने पर कजरी मदद की आशा में सड़क के किनारे आकर खड़ी हो जाती है। यदि आपको कभी कोई बीमार व असहाय पशु सड़क के किनारे पड़ा हुआ दिखाई दे तो आप उसके लिए क्या-क्या करेंगे? (4)

अथवा

अम्मा के अनुसार उनके मुर्गियाँ पालने और दूसरों के पालने में फ़र्क था। क्या आप भी यह महसूस करते हैं कि जब हम कोई पशु या पक्षी पालते हैं तो उससे हमें एक विशेष लगाव हो जाता है? अपने अनुभव के आधार पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

## (खण्ड - 'घ')

प्र14. दो मित्र गणित की परीक्षा देकर लौट रहे हैं। उन दोनों में गणित के प्रश्न-पत्र के संदर्भ में हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। (4)

प्र15. नीचे दिए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए तथा उस पर 20-30 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : (3)



प्र16. सुन्दरता बढ़ाने वाली क्रीम का आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (3)

प्र17. आपका छोटा भाई विद्यालय की ओर से पर्वतीय स्थल की यात्रा पर जा रहा है। उसे यात्रा के दौरान सावधानी बरतने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए। (5)

अथवा

दिल्ली में बिजली के संकट और उससे उत्पन्न कठिनाइयों का वर्णन करते हुए समाचार-पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिए।

प्र18. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए : (5)

(क) दूरदर्शन (टेजीविज़न) का विद्यार्थी-जीवन पर असर

(ख) समय ही जीवन है

(ग) इंटरनेट की दुनिया बड़ी सुहानी